भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1532

09.12.2025 को उत्तर के लिए नियत

त्रिची स्थित 'भेल' अस्पताल

1532. **श्री दुरई वाइकोः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार को तिरुचिरापल्ली स्थित 'भेल' टाउनशिप के कर्मचारियों और निवासियों की भेल कर्मचारी अस्पताल के आधुनिकीकरण और उन्नयन संबंधी लंबे समय से चली आ रही मांग की जानकारी है;
(ख) अस्पताल में अवसंरचना, स्टाफिंग, चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञता संबंधी सेवाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या सरकार की इसके लिए पर्याप्त निधि आवंटित करने की कोई योजना है; और
(घ) यदि हाँ, तो त्रिची स्थित 'भेल' अस्पताल के उन्नयन की अपेक्षित समय-सीमा और दायरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क): बीएचईएल, त्रिची में अस्पताल शीर्ष समिति है, जिसमें नामित यूनियन प्रतिनिधि और प्रबंधन प्रतिनिधि शामिल हैं, जो अस्पताल सेवाओं और अस्पताल में आवश्यक सुधारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार करने के लिए समय-समय पर बैठक करती है। कर्मचारियों और जन कल्याण के लिए स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे सहित सुविधाओं का आधुनिकीकरण और उन्नयन, समिति द्वारा किए गए निर्णय और निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है।

(ख): बीएचईएल, त्रिची अस्पताल के कर्मचारियों में नियमित और संविदा दोनों तरह के कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें विजिटिंग कंसल्टेंट सहित 54 डॉक्टर, 257 पैरामेडिकल और अन्य शामिल हैं। अस्पताल में प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल विभाग हैं जैसे एनेस्थिसियोलॉजी, नेत्र विज्ञान, हड्डी रोग, रेडियोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग आदि, जो आवश्यक चिकित्सा उपकरणों और बुनियादी ढांचे से सुसज्जित हैं। इसके अलावा, बीएचईएल त्रिची अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं के अलावा, कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, स्पाइनल इंजरी, डायलिसिस, ऑर्थोपेडिक्स, नवजात, कैंसर उपचार आदि के लिए 16 सूचीबद्ध अस्पतालों के माध्यम से चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है।

(ग) और **(घ):** कर्मचारियों की स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को पूरा करने के लिए आवश्यकता आधारित वार्षिक निधियों का आवंटन किया जाता है।

**